सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 08.03.2026

- **इटावा पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड यूपीआई के माध्यम से निकाले गये पीड़ित के 2,07,000/- रुपयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शत प्रतिशत 2,07,000/- रुपये वापस कराये गये।**
- **एसएसपी इटावा के निर्देशन मे साइबर सेल द्वारा की गयी कार्यवाही।**

जनपद इटावा में साइबर फ्रॉड की रोकथाम के सबंध में कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के मार्गदर्शन में साइबर सेल द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से निकाले गये पीडित के 2,07,000/- रुपये पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण धनराशि वापस करायी गयी।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 27.02.2026 को प्रार्थी/पीडित शिवम कुमार पुत्र हरि शंकर निवासी लालपुरा जैन धर्मशाला, इटावा के खाते से बिना जानकारी के 2,07,000/- रुपये कट जाने के संबंध मे पीड़ित द्वारा **राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP)** पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा महोदय द्वारा साइबर सेल इटावा को घटना का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल मार्गदर्शन में साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एव बैंक अधिकारी/पेमेण्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से समन्वय स्थापित/वार्ता कर प्रार्थी के रुपये वापस करने का प्रयास किया गया जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए **पीडित के 2,07,000/- रुपये शतप्रतिशत वापस कराये गये है।**

अपने रूपये वापस पाकर पीडित द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए इटावा पुलिस साइबर सेल व एसएसपी इटावा की प्रशंसा की गई तथा साइबर सेल टीम का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पुलिस टीम:- उ0नि0 श्री लोकेश कुमार सिंह, हे0का0 विजय कुमार, हे0का0 मनीष कुमार, का0 पंकज, का0 ब्रजेश गोला, म0का0 गोल्डी वर्मा।